हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 18 दिसंबर 2023

11 आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर सहयोग लें



12 दिवंगत हरदीप की याद में लगाया रक्तदान शिविर



## खबर संक्षेप

### इग्नू में जनवरी 2024 सत्र के लिए दाखिले शुरू

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नवस्थापित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) केंद्र के प्रभारी रोहताश कुमार व इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा. धर्म पाल ने बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए। जनवरी 2024 सत्र की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### अहरवां स्थित राइस मिल से धान के कट्टे चोरी

**फतेहाबाद।** गांव अहरवां स्थित एक राइस मिल से अज्ञात चोर धान के 2 कट्टे चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में बजरंग गर्ग ने कहा है कि उसकी गांव अहरवां में रतिया रोड पर राइस मिल है। शनिवार शाम को करीब सात बजे एक चोर दीवार फांदकर उसकी राइस मिल में घुस गया। उसने 2 बैग उठाकर दीवार की दूसरी तरफ फैंकते नजर आया। इस पर उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

### भट्टू मंडी में मकान से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भट्टू मण्डी में एक मकान के ताले तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन भट्टू मण्डी निवासी शकुन्तला ने कहा है कि बीमार होने के कारण कुछ दिन पहले वह इलाज के लिए पंचकूला गया था। उसके मकान पर ताले लगे थे। अब उसके पड़ोसियों ने उसे फोन पर सूचना दी कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। इस पर सूचना मिलते ही वह वापस घर आई तो देखा कि मकान का ताला टूटा पड़ा था और सामान बिखरा हुआ था।

### कार ने तीन को मारी टक्कर, एक की मौत

**रानियां।** जीवन नगर रोड पर स्थित मैरिज पैलेस से कैटरिंग का काम कर लौट रहे तीन मजदूरों को कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दो मजदूर घायल हो गया। अस्पताल में उपचाराधीन पंकज कुमार निवासी जिला चतरा झारखंड ने पुलिस को दिए बयन में बताया कि वह मजदूरी करता है। बीती रात सवा 11 बजे के करीब वह अपने साथी मंगु कुमार व साजन निवासी जिला चतरा झारखंड के साथ रानियां में जीवन नगर रोड पर स्थित राज मैरिज पैलेस में आयोजित शादी समारोह में कैटरिंग का काम करके पैदल लौट रहे थे। उसने बताया कि इसी दौरान पीछे आई कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर वह व मंगु साइड में सड़क पर गिर गए जबकि साजन कार के आगे गिर गया। चालक साजन को कुचलता हुआ अपनी कार भगा ले गया। इस दौरान आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। तीनों घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने साजन को मृत घोषित कर दिया।

# प्रधान-उपप्रधान समर्थित पार्षदों में विवाद का विधायक निवास पर हुआ पटाक्षेप, शिकायत वापस लेने की अर्जी

**विधायक दुड़ाराम व पार्षदों के प्रयास रंग लाए**

### नीलांशी शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रधान खेमे के पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल ने फोन पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगर परिषद प्रधान और उपप्रधान खेमे के दो पार्षदों में पिछले कई दिनों से चल रहा गाली-गलौच के मामले का रविवार को पटाक्षेप हो गया। विधायक दुड़ाराम के निवास पर 6-7 पार्षद व अनेक गणमान्य लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। बाद में दोनों पक्षों के लोगों ने शहर थाने में जाकर पार्षद नीलांशी शर्मा द्वारा पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल के खिलाफ छेड़छाड़ की दी गई शिकायत वापस लेने के लिए अर्जी दी गई। पिछले चार दिनों से चला आ रहा यह घटनाक्रम निपटने के बाद पार्षदों व शहरवासियों के साथ-साथ नगरपरिषद प्रधान ने भी राहत की सांस ली है। बता दें कि प्रधान राजेन्द्र खिची ने 20 दिसम्बर को दोबारा नगरपरिषद की बैठक बुलाई हुई है। नगरपरिषद की बैठक 10 महीने बाद 12 दिसम्बर को हुई थी। इस बैठक में प्रधान राजेन्द्र खिची और उपप्रधान सविता टुटेजा के पति के बीच काफी तू-तड़ाक हुई, जिसके बाद प्रधान बैठक का बहिष्कार करके चले गए। प्रधान का आरोप था कि बैठक को उपप्रधान द्वारा हाइजैक कर लिया है और उन पर नाजायज दबाव डालकर प्रताड़ित किया जा रहा है।



फतेहाबाद। दोनों पार्षदों के बीच समौता करवाते विधायक दुड़ाराम।

इस मामले में प्रधान की पत्नी अंजू खिच्ची ने भी उपप्रधान व विधायक के खिलाफ खुलकर बयान दिए थे। उसके अगले दिन एक घटनाक्रम के तहत उपप्रधान खेमे की पार्षद नीलांशी शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रधान खेमे के पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल ने फोन पर उनके साथ दुर्व्यवहार व गाली-गलौच किया है। इतना ही नहीं, नीलांशी शर्मा के परिजन डीगवाल के घर पहुंच गए और धरना लगा दिया। रात एक बजे पार्षद डीगवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। तब से आज तक दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास चल रहे थे। शनिवार रात को भी इस मामले में विधायक प्रतिष्ठान पर बैठक बुलाई गई थी लेकिन डीगवाल ने विधायक प्रतिष्ठान पर आने से इंकार कर दिया था। रविवार को पार्षदों का प्रयास सिरे चढ़ा और विधायक निवास पर हुई बैठक में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इस मौके पर विधायक दुड़ाराम के अलावा पार्षद नीलांशी शर्मा, पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल, उपप्रधान सविता टुटेजा, पार्षद ज्योति मेहता, राजेन्द्र आहूजा, किट्टू बजाज, पूर्व पार्षद राजेन्द्र मोदी, पुरूषोतम शर्मा, श्रवण बुडानिया, सुनील शर्मा, प्रमोद ग्रोवर डबली भी मौजूद रहे।

### न्यूनतम तापमान 3 तो अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस

# पारा गिरने से गेहूं व सरसों की फसलों को फायदा, और गिरा तो नुकसान

**दिसंबर के दो सप्ताह बीतने के बाद अब सर्दी बढ़नी शुरू। सुबह कोहरा भी छा रहा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दिसंबर के दो सप्ताह बीतने के बाद अब धीरे-धीरे सर्दी बढ़नी शुरू हो गई है। इन दिनों यहां का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री व अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास घूम रहा है। एक तरफ जहां ठिठुरन बढ़ने लगी है वहीं यह मौसम फसलों व सब्जियों के लिए वरदान माना जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो गेहूं व सरसों की फसल के लिए यह मौसम काफी लाभदायक है। सुबह कोहरा भी छा रहा है और ओस भी पड़ रही है, जो फसलों की बढ़वार के लिए उत्तम बताई जा रही है। अगर तापमान इससे ज्यादा गिरता है तो यह फसलों व सब्जियों के लिए नुकसानदेह साबित होगा। जिले में सर्दी के मौसम में रात की बजाए अब दिन में भी तापमान में कमी दर्ज की जा रही है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। बाजारों में भी रात के समय ग्राहक कम दिखाई दे रहे हैं। लोग अपना काम जल्द निपटाकर घर जाने के प्रयासों में लगे रहते हैं। फतेहाबाद में दिन का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस आंका गया, वहीं रात का तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की मानें तो आज-कल में एक ओर पश्चिमी विक्षोभ के चलते रात को बादलवाही होगी, जिससे तापमान और कम होगा और धुंध भी पड़ेगी।



फतेहाबाद। धुंध की आगोश में फसलें।



फोटो : हरिभूमि

#### गेहूं की पौध जल्द ग्रोथ करेगी

वहीं पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर भी मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। साथ ही ठंडी हवाएं चलने से दिन में भी ठंड का एहसास होने लगा है। धूप निकलने पर लोग घरों व प्रतिष्ठानों के बाहर धूप सेंकते नजर आए। कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो यह मौसम सभी प्रकार की फसलों व सब्जियों के लिए काफी राहत भरा है। गेहूं व सरसों की फसल के लिए यह मौसम काफी अच्छा है। गेहूं की पौध जल्द ग्रोथ करेगी और उत्पादन भी अच्छा होगा। फिलहाल गेहूं को 6 से 20 डिग्री तक का तापमान चाहिए। दिन में धूप रहती है और रात को तापमान कम रहता है और सुबह ओस भी बढ़ रही है, जो गेहूं की बढ़वार के लिए काफी फायदेमंद है। अगर तापमान जीरो डिग्री पर आता है और पाला गिरता है तो गेहूं की पौध की कोशिकाओं से पानी निकलना आरंभ हो जाएगा, इससे गेहूं को नुकसान हो सकता है। बहरहाल मौसम गेहूं व सरसों की फसल के लिए काफी ठीक है।

#### ऐसे जमता है पाला

इन दिनों तापमान अक्सर जीरो डिग्री तक पहुंच जाता है। हालांकि यह फसलों के लिए फायदेमंद होता है लेकिन पाला पड़ने की स्थिति में यह फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है। जीरो डिग्री तापमान पर खेतों में बर्फ की पतली चादर जम जाती है, जो घासफूस व फलदार पत्तों पर देखी जा सकती है। बर्फ पड़ने के बाद जब हवा नहीं चलती तो बर्फ खेतों में फैलने लगती है, इसी बदलते मौसम को पाला कहा जाता है जोकि फसलों के लिए नुकसानदायक है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में काफी गिरावट आई है और धुंध भी पड़ने लगी है। यह मौसम पूरी तरह से फसलों के लिए अनुकूल बना हुआ है। गेहूं की फसल को ऐसा ही तापमान चाहिए, ताकि उसकी पौध की बढ़त हो। वहीं अगर तापमान और अधिक लुढ़कता है तो सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है। फिलहाल जो मौसम चल रहा है, वह दोनों फसलों के लिए लाभकारी है।

*-डॉ. राजेश सिहाग, डीडीए, फतेहाबाद।*



### गोगामेड़ी को दी श्रद्धांजलि, कड़ी सजा की मांग

**फतेहाबाद।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के निधन के शोकस्वरूप क्षत्रिय राजपूत महासभा फतेहाबाद द्वारा रविवार को मॉडल टाऊन स्थित क्षत्रिय राजपूत महासभा पार्क में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता महासभा के जिला प्रधान जितेन्द्र भदौरिया ने की। इस अवसर पर मौजूद महासभा के सभी सदस्यों ने जहां दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की वहीं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महासभा सदस्यों द्वारा फलदार पौधारोपण भी किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया ने कहा कि हम सभी स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के पुण्यात्मा की शांति और परिजनों व समर्थकों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। हम सरकार से यही मांग करते हैं कि वह गोगामेड़ी की हत्या की गहनता से जांच करें और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाए।

# हेलीकॉप्टर में दुल्हन लाने का सपना नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी दुल्हन को हेलिकॉप्टर में लाने का सपना देखने वाले युवक के सपने उस समय धाराशायी हो गया जब मौके पर हेलिकॉप्टर ही नहीं पहुंचा। फतेहाबाद के गांव बीघड़ में यह बारात आनी थी और यहां से हेलिकाप्टर में दुल्हन की विदाई होने थी। इसको लेकर परिवार द्वारा फतेहाबाद जिला प्रशासन से भी अनुमति ली गई थी और बाकायदा गांव के सरकारी स्कूल में हेलिकॉप्टर की लैंडिंग के लिए हेलीपैड भी बनाया गया था। हिसार के गांव नंगथला निवासी सतबीर ने बताया कि शुक्रवार को उसके बेटे की बारात फतेहाबाद के गांव बीघड़ जानी थी। उसके बेटे का सपना था कि वह अपनी दुल्हन को हेलिकॉप्टर में लेकर आए। टेंट वाले का उसके पास फोन आया कि हेलिकॉप्टर के लिए बाकी पेमेंट दो। व्यस्त होने के कारण उसने कहा कि गांव में हेलिकॉप्टर लैंड होने के बाद वह पूरी पेमेंट कर देगा। टेंट वाला नहीं माना और उसने अपना फोन बंद कर लिया। सतबीर ने बताया कि टेंट वाले की कमी से हेलिकॉप्टर से पुत्रवधू को न लाने पर उसकी इच्छा अधूरी रह गई। टेंट वाले ने उसने 2 लाख रुपए एडवांस में लिए थे।

# बबली ने किया धर्मशाला का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने रविवार को टोहाना में पंजाबी पंचायती धर्मशाला का शिलान्यास किया। समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि धर्मशाला निर्माण से सामाजिक कायार्ं के लिए फायदा होगा। उन्होंने धर्मशाला निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सबका साथ-सबका विकास नीति के तहत हर क्षेत्र में सम्मान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। निस्वार्थ भाव से क्षेत्र के विकास कार्य व जनसेवा करने के लिए राजनीति में आया हूं। सबके सहयोग से और सबको साथ लेकर सामाजिक उत्थान के लिए काम आगे जारी रहेगा। एक बदलाव की सोच लेकर हम लोग बढ़े थे, उस बदलाव के नतीजे आने शुरू हो गए है। समाज की भलाई के लिए जागो दिशा सोच सही संगठन शुरू किया जो पिछले काफी वषार्ं से नागरिकों की सहायता कर रहा है। इस मौका पर चेयरमैन नरेश बंसल, प्रधान राजेंद्र भाटिया, उप प्रधान राजीव खुराना, संरक्षक हंसराज नागपाल, पार्षद सीमा भाटिया, पार्षद स्वीटी भाटिया, पार्षद जोनी मेहता आदि मौजूद रहे।



# गेस्ट फैकल्टी ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल आज अपनी मांगों को लेकर फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन ने विधायक को सौंपे ज्ञापन में प्रदेश सरकार से पॉलीटेक्निक कॉलेज में कार्यरत गेस्ट फैकल्टी को 58 साल की जॉब सिक्योरिटी देने और पॉलिसी बनाकर उन्हें रेगुलर करने की मांग की है। विधायक दुड़ाराम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को लेकर सीएम से बातचीत करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। विधायक से मिलने पहुंचे गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि वे वर्ष 2010 से गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में लैक्चरर व इन्स्ट्रक्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पहले वे 250-125 रुपये से लेकर 457-229 रुपये प्रति घंटे की मामूली दरों पर अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे। उनकी मांग है कि गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में कार्यरत सभी गेस्ट लैक्चरर व गेस्ट इन्स्ट्रक्टर की सेवाओं को विशेष पॉलिसी बनाकर रेगुलर किया जाए और उन्हें रेगुलर कर्मचारी की तरह पूरा वेतन, टीए, डीए, सर्विस बुक, एलटीसी, एचआरए सहित सभी तरह की सुविधाएं दी जाएं तो वे ओर बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेवारियों को जारी रख सकें।



फतेहाबाद। विधायक दुड़ाराम को ज्ञापन सौंपते गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसोसिएशन के सदस्य।

# गांव ठुईयां के कालूराम हत्या मामले में महिला सहित चार आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों व परिजनों ने किया था प्रदर्शन
- परिजनों ने पुलिस की भूमिका पर उठाए थे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भट्टूकलां क्षेत्र के गांव ठुईयां निवासी कालूराम की हत्या मामले में आखिरकार पुलिस ने एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ओमप्रकाश, कृष्ण कुमार, बलवान सिंह व एक महिला सावित्री निवासी ठुईयां के तौर पर हुई है। पुलिस ने इन्हें बस अड्डा भट्टूकलां से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने रविवार को चारों आरोपियों को कोर्ट मे पेश किया जहां से आरोपी ओमप्रकाश, कृष्ण कुमार व बलवान सिंह को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया वही आरोपियां सावित्री को न्यायिक हिरासत मे हिसार में भेजा गया। बता दें कि इस मामले में मृतक के परिजनों ने भट्टूकलां पुलिस पर आरोपियों से सांठ-गांठ करने और पूरे थाने के बिका होने के आरोप लगाए थे।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दर्जनों ग्रामीणों व मृतक कालूराम के परिजनों ने शनिवार को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन भी किया था। 15 दिसम्बर को मृतक के पिता गंगाराम ने थाना भट्टूकलां में अपने लड़के कालूराम की हत्या का मामला दर्ज करवाया था। आरोप था कि जब मृतक कालूराम ने आरोपी ओमप्रकाश को गाली गलौज करने से मना करने लगा तो उसके साथ ओम प्रकाश, कृष्ण, योगेश, दविन्द्र, राहुल, बलवान, सावित्री व अजय ने मिलकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की और उसी मारपीट के तहत इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। इस मामले में अब पुलिस ने एक महिला सहित चार आरोपियों को बस अड्डा भट्टूकलां से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सम्मेलन में जुटेंगे देशभर से संत**

# संत हरीश चंद्र की पुण्यतिथि पर संत सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अपने विकास के लिए तो हर इंसान भागदौड़ करता है लेकिन दूसरों के लिए अपने जीवन का त्याग कोई विरला ही कर सकता है । ऐसे ही संत नाथूसरी चोपटा के संस्थापक स्वर्गीय संत हरीश चंद्र दास जो कि जन्म से अंधे होते हुए भी चोपटा कस्बे को स्थापित कर चोपटा के विकास में प्रमुख योगदान दिया। स्वर्गीय संत हरीश चंद्र दास की पुण्यतिथि पर 18 दिसंबर को संत सम्मेलन आयोजित कर उन्हें सोमवार को श्रद्धांजलि दी जाएगी। संत हरीश चंद्र दास द्वारा स्थापित शिव मंदिर धर्मशाला में विशाल संत सम्मेलन और भंडारा आयोजित कर उनकी महिमा को वर्णित किया जाएगा। वर्तमान में गद्दी आसीन पूर्ण दास महाराज ने बताया कि गांव रायपुरिया में दिसंबर 1923 में रामजस के घर माता माम कोरी के कोख से जन्मे स्वर्गीय संत हरिश्चंद्र ने अपने पूर्ण जीवन काल में चौपटा के विकास की चिंता रखते हुए अपना जीवन लगा दिया। सन 2002 में 80 वर्ष की आयु में प्रभु के चरणों में लीन हो गए थे। इस महान शख्सियत की पुण्य तिथि को चोपटा क्षेत्र के लोग बड़ी श्रद्धा व आदर के साथ मना कर उन्हें अपनी सच्ची श्रद्धांजलि देते हैं। संत हरिश्चंद्र की 2 वर्ष की अल्पायु में चेचक रोग होने से नेत्र 'योति चली गई थी और 20 वर्ष की आयु में उदासीन पंत की दीक्षा लेकर साधु बन गए। संत हरिश्चंद्र ने सर्वप्रथम गांव में ठाकुर का मंदिर बनवाया और उस समय गांव में पीने के पानी की किल्लत के चलते उन्होंने गांव में कुएं का निर्माण कर के गांव में पीने के पानी की समस्या का निदान किया। गांव में उन्होंने अपने प्रयासों से आठवीं कक्षा तक का विद्यालय बनवाया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की संत हरिश्चंद्र के साथ घनिष्ठ मित्रता के चलते उनकी मांग पर चोपटा में एक राजकीय उच्च विद्यालय व 1978 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनवाया। अंधे व्यक्तियों के लिए स्वामी जी ने अंध विद्यालय बनवाया जिसमें अंधे व्यक्तियों को चारपाई, कुर्सी, बनाने की शिक्षा देने का कार्य शुरू किया गया। इसके बाद उन्होंने नाथूसरी कलां के प्रसिद्ध समाजसेवी रामजस कासनियां द्वारा दान में दी गई 2 एकड़ भूमि में एक शिव मंदिर पर धर्मशाला का निर्माण करवाया। अनेक गांव में सत्संग चबूतरे बनवाए। उनके कार्यों को देख कर वर्ष 1998 में समाज सेवा का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



सिरसा। चोपटा के संस्थापक स्वर्गीय संत हरीश चंद्र दास की शिव मंदिर धर्मशाला में स्थापित प्रतिमा।



## शरद पूर्णिमा पर उमड़ती है भारी भीड़

झज्जर के दूबलधन माजरा-डी में स्थित जटेला धाम में हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर आयूर्वेदिक जड़ी बूटियों से तैयार की गई खीर का भंडारा लगाया जाता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। वैसे तो यहां हर रोज भंडारा चलता रहा है। लेकिन शरद पूर्णिमा के भंडारे का खास महत्व है। बताया जा रहा है कि यहां नजले, दमे, एलर्जी की बीमारी वाले लगभग एक लाख से अधिक लोग इस आश्रम द्वारा तैयार विशेष जड़ी बूटियों से तैयार खीर खाकर ठीक हो चुके हैं।

# संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि जटेला धाम

*18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द जी महाराज ने समाज सुधार और भक्ति काव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में भी विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में कई बर्षों तक तपस्या की।*



गुरु महाराज की गद्दी जहां बैठकर विश्राम करते थे

आस्था | विनोद कौशिक

झज्जर के गांव दूबधन माजरा में साहित्य व अध्यात्म के केंद्र जटेला धाम में संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि पर हर रविवार आस्था का सैलाब उमड़ता है। जटेलाधाम में आज से करीब 220 वर्ष पूर्व उस दिव्य महापुरुष (स्वामी नितानन्द) ने अपनी दिव्य अप्रकृत लीला का विस्तरण कर नर नारियों की हृदयभूमि को प्रेम से आप्लावित किया। स्वामी नितानन्द सन 1799 ई. को हमारे चक्षुओं से ओझल जरूर हो गए, परन्तु उनकी परम चेतना और उनका मार्ग दर्शन उनके शरणागतों को आज भी होता रहता है। आज उनकी लीला भूमि अर्थात उनकी तपोभूमि के द्वार हर जीव मात्र के लिए खुले हैं। 18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द ने समाज सुधार और भक्ति कायव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में तपस्या की। जटेला धाम के महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने बताया कि दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक जाल के वृक्ष के नीचे तपस्या की। तपस्या के दौरान उनके निर्मल मन से उनके मुख से जो वाणी निकली वही काव्य शास्त्र बन गया। इनके काव्य को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में भी पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है। बताते हैं कि स्वामी अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा के अनुसार यहां जटेला की पावन धरा में तप करने आए थे।

**तपस्या**

दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक तपस्या की थी।

**रिसर्च**

स्वामी जी के काव्य को कुरुक्षेत्र विवि व महर्षि दयानंद विवि रोहतक में पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है।

### यह भी मान्यता

जटेला धाम में यह भी मान्यता है कि यहां नितानन्द जी महाराज ने लोगों के कष्टों का निवारण किया। जब स्वामी जी गांव वालों को प्रवचन देते थे तो यही कहते थे कि जब इस शरीर रूपी काया का इस संसार से त्याग होगा तो मेरे शरीर को यहीं जंगल में इसी पेड़ के नीचे रख देना, ताकि यहां पशु-पक्षी जंगली जानवर अपना पेट भर सकें।



### ये कथा प्रचलित

यहां यह कथा भी प्रचलित है कि जब स्वामी जी का मानव रूपी शरीर पूरा हुआ तो लोगों ने उनके कहे अनुसार उनके शरीर को वहां स्थित एक जाल के पेड़ के नीचे छोड़ दिया। इसके बाद वे वहीं से सहशरीर वैकुंठ धाम को चले गए। बताया जाता है कि उसी स्थान पर कुछ दूरी पर महाराज जी की चरण पादुकाएं और बर्तन मिले। तभी से उस जाल के पेड़ के नीचे महाराज जी की अखंड ज्योत और पाठ करने की परंपरा आरंभ हो गई। वहां यदि सच्चे मन से कोई फरियादी अपनी फरियाद लेकर जाता है तो स्वामी जी की दया से उसकी सभी मन्नतें पूर्ण होती हैं।



जटेला धाम में उमड़ी भीड़।

### होता है बीमारियों का इलाज

यह धाम झज्जर और चरखी दादरी शहर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरी के पास गांव दूबलधन माजरा-डी में स्थित है। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने देशी एवं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों पर शोध किया है और शोध के बाद अनेक जटिल बीमारियों के इलाज भी किया है। महंत राजेंद्र दास कैंसर, किडनी, अस्थमा, दमा, नजला, जुकाम, खांसी, टीबी, जोड़ों का दर्द, पीलिया, टाइफाइड सहित अनेक गंभीर बीमारियों का इलाज देशी जड़ी बूटियों से करते हैं। यहां अब तक लाखों लोग ठीक हो चुके हैं।

### 300 साल पुराना जाल का पेड़

आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि जिस जाल के पेड़ के नीचे बैठकर स्वामी जी महाराज ने तपस्या की थी वह करीब 300 साल पुराना जाल का पेड़ आज भी यहां मौजूद है। इस पेड़ को संरक्षित किया गया है। इसे लोहे पाइपों से सहारा देकर क्षतिग्रस्त होने से बचाया गया है। इस पेड़ पर कई शोध भी हो चुके हैं। इसके अलावा आश्रम में 100 से 150 साल पुराने जाल के और भी पेड़ मौजूद हैं। वहीं बड़ और पीपल के भी बहुत पुराने पेड़ आश्रम में मौजूद हैं।

### हर रविवार को देते हैं दवाइयां

महंत राजेंद्र दास यहां हर रविवार को प्रवचन करते हैं और लोगों को दवाइयां भी देते हैं। यहां नशा छुड़वाने के लिए भी दवाई दी जाती है। हर रविवार को हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा आश्रम में ध्यान शिविर भी लगाया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। यहां आने वालों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था आश्रम की तरफ से ही की जाती है। ध्यान शिविर हर रविवार को होता है, जबकि साल में एक बार तीन दिन के लिए शिविर लगता है।

### मिलती है मन की शांति

जटेला धाम समाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता है। आश्रम में पहुंचे लोगों ने कहा कि वह यहां से दवाइयां लेकर जाते हैं, जिससे उन्हें काफी आराम मिला है। यह एक तपोभूमि है। यहां आकर लोगों को इलाज के साथ-साथ मन की शांति प्राप्त होती है।



जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास जी महाराज।

### पर्यावरण के लिए भी कर रहे काम एक लाख त्रिवेणी लगाने का लक्ष्य

महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में त्रिवेणी महोत्सव का आयोजन किया था। इसके तहत पूरे प्रांत में त्रिवेणी(बड़, नीम व पीपल) लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, झज्जर, रोहतक, फरीदाबाद व पानीपत समेत कई जिलों में करीब 15 हजार त्रिवेणी लगाई जा चुकी हैं। वहीं, अब प्रदेश में पंचवटी (बड़, पीपल, बेल, आवला और अशोक) लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### यह भी कार्यक्रम

जटेला धाम पर साल में एक बार स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाता है। हर साल होली के बाद दुल्हेंडी और भदो शुदिएकम पर आश्रम में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इन मौकों पर यहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। यहां भंडारा देने के लिए भी लंबी लाइन रहती है।

### कई बड़ी हस्तियां कर चुकी आश्रम का दौरा

इस आश्रम में देश की बड़ी हस्तियों का तांता लगा रहता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, एम्स के पूर्व निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया, पूर्व में शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुज्जर, कृषि मंत्री जेपी दलाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, अयोध्या राम जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य नेता रामविलास वेदांती समेत कई बड़े दिग्गजों ने इस आश्रम का दौरा किया है और जटेला धाम द्वारा लोगों को दी जा रही सेवाओं की सराहना भी की है।



जटेला धाम में इसी जाल के वृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी नितानन्द जी महाराज ने कई वर्षों तक तपस्या की थी।

---

कविता | सीमा रंगा इन्द्रा



### नासमझ बेटा

मात- पिता की बात मान लो, नही पड़े दुख सहना,
समझा- समझा हार गए क्यों, नहीं मानते कहना,
कहने बैठो गर कुछ इनको, कहे नासमझ हमको,
भूल रहे जीवन से शिक्षा, दूर करे है तमको।

इनकी बातें बड़ी निराली, चकित सभी को करती,
सुने नहीं है बात बड़ों की ,देख इन्हें माँ डरती,
जुबां चलाएं सबके आगे ,करते हैं मनमानी,
घर में अपना रौब जमा कर,करते है नादानी।

दो आखर को पढ़ कर समझे, खुद को बेशक ज्ञानी।
पड़ जाए जो बोझ उठाना, याद करे वो नानी,
फिर मत कहना नहीं समझ थी, हमें नहीं समझाया,
निकल गया जो समय हाथ से, लौट कहो कब आया।

बन जायेगा जीवन तेरा, सुनो ध्यान धर बातें,
तेरे ही सुख खातिर जागे, हैं हम कितनी रातें,
केवल सच ही जीवन नैया पार करेगा तेरी,
इसीलिए बेटा बातों पर, अमल करो बिन देरी

कविता | डॉ. अशोक कुमार वर्मा



### यह पैसा बुरी बीमारी

यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे।
जब तक न हो खत्म मन बावला करे।
क्या नया खरीदूं कैसे इसे उड़ाऊँ।

जितना अधिक रुपया उतना संकट भारी।
दिन में नहीं चैन बन्दा कूदता फिरे।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन मिले जिस दिन मैं शीघ्र ठिकाने लगाऊ।
जब तक न हो ख़त्म न चैन से बैठ पाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

जब तक रहे पास न कुछ और सोच पाऊँ।
जिस जिस की है उधारी मैं शीघ्र चुकाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन जब हो जाए खत्म तब उधारी उठाऊँ।
25 दिन महीने के बड़ी शांति से बिताऊं।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे.....

कविता | गरिमा



### विद्यार्थी और शिक्षक


एक इंसान शिक्षा देने वाला, बच्चों का रखवाला
नारियल जैसा चरित्र,मन गंगा सा पवित्र
असंख्य बच्चे उसकी पहचान, बच्चे ही उसकी जान
जुड़ जाता है दिल, बच्चों से इस तरह
दोस्त, माँ, भाई, बहन का इस तरह
ज्ञान की धारा कुछ ऐसे बहती है
मेरे विद्यार्थी सफल हो, उसकी हर धड़कन कहती है।
जीवन के किसी मोड़ पर, समय ऐसा आता है, फुल जैसे नाजुक बच्चों को छोड़ना पड़ जाता है ।
पर दिल का रिश्ता मानो और भी गुड बनता जाता है।
प्यारे सभी बच्चे शिक्षक की जान होते हैं।
उसके दिल की धड़कन और माथे का अभिमान होते हैं।
विद्यार्थी से बच्चे और बच्चों से संसार है।
बस कुछ ऐसा खट्टा-मीठा, सुंदर - शुद्ध
विद्यार्थी-शिक्षक का प्यार है

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**ऐतिहासिक** | पुरातत्व विभाग से लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने इन ऐतिहासिक इमारतों की ओर नहीं दिया कभी ध्यान

# अरावली पर्वत पर 1300 ई. में बना कोटला किला बदहाल



**ऊंचाई**

हजारों फुट ऊंचाई पर करवाया किले का निर्माण

**निगरानी**

चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई

**हिफाजत**

हिफाजत के लिए शाम ढलते ही कर देते थे दरवाजे बंद

अनदेखी | कासिम खान

मेवात जिले के कोटला गांव में अरावली पर्वत की चोटी पर करीब 1300 ईस्वी में नवाब नाहर खान ने दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए हजारों फुट ऊंचाई पर किले का निर्माण कराया। किले के चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई। सुरंग से लेकर घुड़साल और तालाब भी बनवाया गया था। घोड़ों को तिजारा राजस्थान की तरफ से किले तक पहुँचाया जाता था। कोटला गांव के चारों तरफ बड़ी चौड़ी और ऊँची दीवार थी। दुश्मनों से हिफाजत के लिए शाम ढलते ही दो दरवाजे थे, जिन्हें बंद कर दिया जाता था। किले के ठीक समीप से सदियों से पानी झरने बहते हैं। झरने के पानी से महिलाएं कपड़े धोती हैं, साथ ही पशुओं को भी लोग पानी पिलाते हैं। कई सौ फुट ऊंचाई से झरने का पानी गिरता है, जो कुदरत का बेजोड़ नमूना है। इस मुकाम और ऊंचाई पर बने कोटला किले का जायजा लेने के लिए हमारी टीम ने जान जोखिम में डाल कर उबड़ -खाबड़ पहाड़ के रास्ते को पार करते हुए किले तक का सफर तय किया। बताया जाता है की कोटला की राजधानी को तहस-नहस करने के लिए राजाओं हमले, शायद उसी का नतीजा है की अरावली की चोटी पर इस किले का निर्माण नवाब नाहर खान ने किया। नाहर खान वंशज शहीद राजा हसन खान मेवाती थे, जिनके नाम पर आज मेडिकल कालेज का नामकरण सूबे की सरकार कर चुकी है। हसन खान मेवाती ने राणा सांघा और बाबर के बीच जो युद्ध हुआ था, उसमें हसन खान मेवाती ने बाबर का नहीं बल्कि राणा सांघा का साथ दिया था। उस वीर शहीद को आज भी लोग मेवात में याद करते हुए सीना चौड़ा कर लेते हैं।

वतनपरस्ती के साथ-साथ हिन्दू -मुस्लिम भाई चारे को उस समय भी हसन खान मेवाती ने बढ़ाया था। इसके अलावा 1300 ईस्वी में ही फिरोजशाह तुगलक के वंशज ने बड़े विशालकाय पत्थरों से मस्जिद का निर्माण कराया।



### जीर्णोद्धार की जरुरत

इसके निर्माण में गारे-मसाले का कम ही प्रयोग हुआ। इन ऐतिहासिक इमारतों की पुरातत्व विभाग लेकर केंद्र व सूबे सरकार ने कभी ध्यान नहीं दिया। किला बदहाल होता जा रहा है। किले में एक गुफा है, जिसकी गहराई आज तक कोई नहीं माप पाया। लोग बताते हैं कि गुफा फिरोजपुर झिरका में जाकर निकली थी, ऐसा भी तब हुआ जब गाय को ढूढ़ने के लिए लोग गुफा में उतरे थे। दीये के लिए सवा मन सरसों का तेल लेकर गए थे,लेकिन गाय नहीं मिली। वे फिरोजपुर झिरका में जाकर निकले। इसके जीर्णोद्धार की जरुरत है। ताकि आने वाली पीढ़ियां इनके बारे में जान सकें।

---

# नए जमाने के म्यूजिक में लुप्त हो रही सारंगी की धुनें

◆ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लोगों को करवा रहे संस्कृति से रूबरू ◆ पांचवी पीढ़ी विद्या को बढ़ा रही आगे ◆ सरकार से प्रोत्साहन मिलने की जरूरत

कलाकार | तरुण वधवा

नए जमाने के म्यूजिक में सारंगी की धुनें लगभग लुप्त हो रही हैं। आज की पीढ़ी अपने इस शास्त्रीय संगीत के वाद्य को भूलने लगी है। सारंगी शास्त्रीय संगीत का एक वाद्य यंत्र है। यह एक खोखली लकड़ी के लंबे डिब्बे जैसी होती है, जिस पर चमड़े की परत चढ़ी होती है। इसमें सिर्फ तीन तार होते हैं। इसे एक बो की मदद से बजाया जाता है जिसे गज कहते हैं। पुराने जमाने में घुमक्कड़ जातियां सारंगी बजाया करती थीं। पहले इसे सारिंदा नाम से भी जाना जाता था। कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गांव खरल जिला जींद निवासी सारंगी वादक प्रेम चंद अपनी टीम के साथ आए हैं। उनकी टीम में हरिकेश लांबा, सतबीर, कृष्ण कुमार, राजेंद्र, इंद्र व उदयभान शामिल हैं। ये सारंगी वादक सारंगी की तार से निकलने वाली मीठी-मीठी धुनों से महोत्सव में आए पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। सारंगी वादक प्रेम सिंह बताते है कि यह उनकी पांचवी पीढ़ी है जो इस विद्या को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब अगली पीढ़ी इस विद्या में आना नहीं चाहती है क्योंकि इससे परिवार का गुजारा नहीं चलता, जिस कारण यह विद्या अब लुप्त होती जा रही है।

प्रेम सिंह का कहना है कि अब साल में 10 से 12 कार्यक्रमों में ही काम मिलता है। इसके अलावा वे साल भर खाली घर पर रहते हैं। इस विद्या से अब घर का खर्च नहीं चलता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार ऐसी विद्या को बचाने के लिए कलाकारों को प्रोत्साहित करे। उनके लिए गुजारा भत्ता शुरू किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ-साथ इस विद्या को जिंदा रख सके।





### स्कूलों में दी जाए शिक्षा

65 वर्षीय प्रेम सिंह का कहना है कि सारंगी विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में इसकी शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी का रुझान इस ओर बढ़े। उन्होंने बताया कि इस विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में गुरु-शिष्य परपंरा शुरू की जा सकती है। इसके तहत 6 महीने का कोर्स करने के बाद विद्यार्थियों को वजीफा के तौर पर सर्टिफिकेट व नकद राशि देकर सम्मानित किया जा सकता है। इससे आने वाली पीढ़ी का रुझान अवश्य ही बढ़ेगा।

### ऐसे बढ़ी रुचि

सारंगी विद्या में रुचि बढ़ने बारे प्रेम सिंह बताते हैं कि उनके पिताजी सारंगी बजाते थे तो उनके साथ-साथ जाकर उन्हें भी सारंगी का शौक चढ़ गया। उनके पास कोई पुश्तैनी जमीन या अन्य कोई कार्य नहीं था, इसलिए उन्होंने सारंगी को ही अपना कार्यक्षेत्र चुना।

प्रेम सिंह बताते हैं कि पहले जमाने में लोग सारंगी की लोग कद्र करते थे। सारंगी की धुनों को शांति से सुनते थे, लेकिन आज के युवा सारंगी की धुन को सुनना पसंद नही करते हैं। प्रेम सिंह बताते हैं कि जब वे 10 वर्ष के थे तो उनके पिताजी कहीं गए हुए थे और सारंगी घर पर दीवार के ऊपर टंगी हुई थी। उन्होंने सारंगी को दीवार से उतारकर बजाना शुरू कर दिया। जब उनके पिताजी आए तो उन्होंने देखा कि यह तो अपने आप ही सारंगी बजा रहा है। तब उनके पिताजी ने उनको सारंगी बजाना सिखाया। प्रेम सिंह ने बताया कि सारंगी के साथ गाया जाने वाला भजन भी उनका है, साज और ताल भी उनकी खुद की है। प्रेम सिंह बताते है कि हीर रांझे की आवाज से पशुओं की बीमारी दूर होती है। जिस किसी भी गांव में पशुओं की महामारी फैलती है तो वहां पर जोगी बुलाए जाते है। रांझे जिस भी गांव में जाते हैं वह पशुओं का इलाज रात के अंधेरे में करते हैं। रात में सारंगी की तान छिड़ती है तो रांझे के स्वर गूंजते हैं। जहां तक आवाज जाती है पशु भी एकटक खड़े हो जाते हैं मानो वह इस संगीत को सुन रहे हों। ग्रामीणों का मानना है जहां तक भी यह आवाज जाएगी, कोई भी टोना-टोटका या बीमारी असर नहीं करेगी।

एक बार गांव में डेरा जमाने के बाद यह तब तक गांव में बसेरा करते हैं, जब तक पशु ठीक नहीं हो जाएं। इस दौरान रहने तथा खाने-पीने की व्यवस्था ग्रामीण ही करते हैं। पशुओं के ठीक होते ही यह दूसरे गांव के लिए रवाना हो जाते हैं।

### सारंगी की तान का कोई मोल नहीं

रांझे की सारंगी के निकली तान का कोई मोल नहीं है। वह कहते हैं अगर इसकी कीमत लगाई तो यह बेअसर हो जाएगा। जिस गांव में जाते हैं, उस गांव के लोग खुद ही अपनी इच्छा से उन्हें सामान देते हैं। कोई कपड़े देता है तो कोई अनाज। रांझे से सारंगी से इलाज के संबंध में पूछने पर वह कहते हैं यह तो हमे नहीं पता, क्योंकि हमें यह गीत एवं तान विरासत में मिली है, लेकिन जिस तरह से तनाव में आने पर आदमी जब संगीत सुनता है तो उसका तनाव दूर होता है। अगर मन खुश रहता है तो फिर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे बीमारियां दूर रहती हैं इसी तरह से हम पशुओं के लिए गाते हैं।

## खबर संक्षेप

### जागरण व भंडारे का आयोजन

**सिरसा।** श्री कृष्णा क्लब की ओर से सूरतगढ़िया बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा वाली स्थित राजपूताना मोहल्ला में मां भगवती के जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरभान मेहता ने 'योत प्रज्ज्वलित की। पंजाब से जोशु कन्हैया, सिरसा से रामनाथ बिजली, सिरसा से बब्बू गिरधर एंड पार्टी व कथावाचक सुरेश ग्रोवर ने माता रानी की महिमा का गुणगान किया।

### खड़े ट्रक में पीछे से टकराई कार, चालक घायल

**ओढां।** गांव चोरमार गुरुद्वारा के सामने एक खडे ट्रक में पीछे से कार जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। शोर सुनकर ग्रामीणों ने कार चालक को तुरंत अस्पताल में एडमिट करवाया और वहां से उसे सिरसा रैफर कर दिया। बताया जाता है कि कुलदीप की माता ओढ़ा अपने मायके आई हुई थी और वह उसे ले जाने के लिए कार द्वारा आ रहा था।

### गांव पनिहारी व फरवाई कलां में किया जागरूक

**सिरसा।** नशे के खिलाफ पुलिस प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत रविवार को पुलिस जवानों ने गांव पनिहारी तथा फरमाई कलां में युवाओं के साथ वॉलीबॉल तथा क्रिकेट का मैच खेलकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस जवानों ने गांव पनिहारी तथा फरमाई कलां में जाकर गांव के युवकों के साथ वालीबॉल तथा क्रिकेट के मैच खेले तथा उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक भी किया।

### स्वास्थ्य कैंप में 125 रोगियों की जांच

**रानियां।** लायंस क्लब रानियां रॉयल द्वारा मेहता अस्पताल रानियां में मुफ्त मेडिकल एवं शुगर जांच शिविर आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ रीजन चेयरमैन रवि मोंगा ने किया। शिविर में डॉ. जतिन मेहता ने करीब 125 रोगियों की जांच कर उन्हें दवाओं व परहेज संबंधी उचित परामर्श दिया। शिविर में आए मरीजों से डॉ. मेहता ने कहा कि शुगर नर्वस सिस्टम को सबसे ज्यादा खराब करती है।

### दुकान से चोरी की घटना का आरोपी काबू

**चोपटा।** पुलिस ने बीते 11 दिसंबर को नाथूसरी चौपटा चौक पर स्थित एक दुकान से स्पीकर चोरी की घटना के आरोपी को गिरफ्तार किय है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि सुरेंद्र पुत्र लीलाराम निवासी गांव नहराना की शिकायत पर थाना चौपटा में चोरी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई

### मॉडल टाउन में नहीं हो रही पेयजल की सप्लाई

**कालांवाली।** शहर के मॉडल टाउन एरिया में पेयजल सप्लाई नहीं होने के आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर मॉडल टाउनवासियों में जनस्वास्थय विभाग के प्रति काफी नाराजगी है। डाकखाना रोड एरिया के लोगों योगेश जैन, रजत, रितेश गर्ग, कृष्ण, विजय ने बताया कि उनके एरिया में पिछले 5 दिनों से पेयजल सप्लाई नहीं दी जा रही। पेयजल सप्लाई न आने के कारण उनके रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे है।

### युवकों ने जीप से सीडीएलयू के गेट में मारी टक्कर

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ शराब के नशे में जीप से टक्कर मार कर सीडीएलयू के गेट व बेरिकेट्स तोड़ने का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के सुरक्षा सलाहकार हिम्मत सिंह ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े 12 बजे मनीष पुत्र भालसिंह, सुनील पुत्र सतबीर निवासी भट्टू व राहुल पुत्र ओमप्रकाश निवासी बनगांव रात को शराब के नशे में जीप लेकर आया और विवि के गेटों में मार दी औश्र बेरिकेटस तोड़ दिए। युवकों ने विवि के दो गेट व पांच बेरिकेटस तोड़ दिए। जिससे करीब 40 हजार रुपए का नुकसान हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

## जनता के सस्ते राशन पर लगा कट, पहले राशन पाने के लिए मारामारी

# राशन कम पहुंचने से डिपोधारक के साथ-साथ कार्डधारक भी परेशान

त्रुटि को दुरुस्त करा सूची में नाम शामिल कराया, इसके बावजूद बीपीएल परिवारों की समस्या का निपटारा न हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को सस्ता राशन उपलब्ध कराने की योजना पटरी से उतर गई हैं। पहले सरकार ने अनेक जरूरतमंद परिवारों के बीपीएल राशन कार्ड काट दिए थे। उसके बाद ऐसे जरूरतमंद परिवारों द्वारा काफी भागदौड़ कर, त्रुटि को दुरुस्त करा बीपीएल सूची में अपना नाम शामिल कराया, लेकिन इस सब के बावजूद भी बीपीएल परिवारों की समस्या का निपटारा न हुआ। अब सरकार द्वारा डिपो होल्डरों को दिए जाने कोटे में कमी कर दी है। ऐसी स्थिति में राशन डिपो से राशन ले पाना ही उपभोक्ताओं के लिए बड़ी चुनौती बना है। दरअसल जाखल में राशन डिपो पर दिसंबर माह का गेहूं व बाजरे का आवंटन करीबन 25 फीसदी कम होने से राशन की आपूर्ति समय पर न होने से सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली चरमरा गई है। जानकारी मुताबिक इस माह राशन डिपो पर गेहूं व बाजरा 25 फीसदी कम कोटा है। इस कारण यहां राशन वितरण को लेकर भयंकर स्थिति उत्पन्न हो रही हैं। बिना सूचना के कोटे में कट लगने से कुछ ही लोगों को राशन मिल पा रहा है, जबकि काफी लोग राशन से वंचित रह जाएंगे।



**जाखल।** राशन डिपू पर कार्ड धारकों की भारी भीड़।



**जाखल।** राशन वितरण करते डिपू धारक पर कम राशन आने पर चस्पा किया बोर्ड।

### परेशान डिपो धारक ने डिपो के बाहर चस्पा किया सूचना बैनर

राशन आपूर्ति कम होने से परेशान जाखल के एक डिपो धारक द्वारा अपने डिपो के बाहर पहले आए-पहले पाए का बड़ा सूचना बैनर चस्पा कर दिया है। बैनर के माध्यम से उन्होंने दिसम्बर माह में सरकार द्वारा राशन में कटौती कम राशन भेजने के बारे में उपभोक्ताओं को सूचित किया है। यहां तक कि डिपो धारक ने अपने पास स्टॉक खत्म होने पर उनसे कोई लड़ाई-झगड़ा न करने की अपील करते हुए सीधे तौर पर सरकार, प्रशासन से राशन की मांग करने की सलाह दी है।

### चस्पा बैनर में यह भी लिखा

डिपू धारक द्वारा अपने राशन डिपू के बाहर चस्पा किए बैनर में कहा है कि दिसम्बर माह में सरकार ने डिपुओं राशन पर भारी कटौती लागू कर दी है। जिसमे 18 प्रतिशत गेहूं व 24 प्रतिशत बाजरा कार्ड धारकों की मांग से कम है। उन्होंने लिखा है कि आप पहले आए पहले पाएं के आधार पर दिसम्बर माह में डिपुओं पर राशन वितरण होगा। कृपया स्टॉक खत्म होने उपरांत कार्ड धारक डिपू होल्डरों से लड़ाई-झगड़ा ना करे, बल्कि से सरकार से पूरे राशन की मांग करें।

### राशन वितरण का निकाला फार्मूला : पहले आएं-पहले पाए

इससे भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। कार्डधारक डिपो होल्डरों पर राशन न देने का आरोप लगाते हुए बहसबाजी करते हैं जबकि धरातल पर कम राशन आने के कारण डिपो होल्डर स्वयं भी परेशान हैं। डिपो होल्डर खुद बीच मझधार में फंसे हुए हैं कि वह राशन किसको दें और किसको ना दें। राशन डिपो पर राशन की आपूर्ति कम होने के बाद जाखल में कुछ डिपो संचालकों ने अपने स्तर से वितरण का फार्मूला निकाला है। वे पहले आओ-पहले पाओ के हिसाब से उपभोक्ताओं को राशन दे रहे हैं। जो लाभार्थी राशन से वंचित रह जा रहे हैं, उन्हें अगले माह का आश्वासन मिल रहा है।

### क्या कहते हैं जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी

राशन डिपुओं पर कम आ रहे राशन को लेकर काफी दिक्कत आ रही है। कार्ड धारकों को आ रही समस्या को लेकर जल्द ही समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। कार्ड धारक किसी भी प्रकार से परेशान न हो इसे लेकर विभाग के हमेशा प्रयासरत है।

विनीत जैन, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी, फतेहाबाद

# आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर सहयोग लें



**सिरसा।** सिविल लाइन थाना में थाना प्रभारियों की बैठक लेते डीएसपी।

- डीएसपी ने थाना प्रभारी व जांच अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डीएसपी जगत सिंह मोर ने रविवार को सिविल लाइन थाना में थाना प्रभारी, चौकी प्रभारियों तथा जांच अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लें तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाए। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में ग्राम प्रहरियों तथा सुरक्षा सहायकों से महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त कर नशे का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने इस अवसर पर थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी तथा जांच अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएसपी ने पुलिस कर्मचारियों से कहा कि शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनकर उसे शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास करें, ताकि पीड़ित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करें और समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए।

उन्होंने कहा कि सीएम विंडो, पीएम विंडो पर आने वाली सभी शिकायतों का निश्चित समय अवधि में समाधान करें तथा अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन करें। सभी पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धर -पकड़ तेज करें तथा लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करें।

इस अवसर पर डीएसपी जगत सिंह ने थाने के रिकॉर्ड को चेक किया तथा कहा कि सभी पुलिस कर्मचारी आधुनिक तकनीक से अपने आप को परिचित रखें तथा थाने के रिकॉर्ड को पूरी तरह अपडेट व कंप्यूटरीकृत रखें।

# गलत नीतियों से हर वर्ग निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि गठबंधन सरकार की कुनीतियों व योजनाओं के परिणामस्वरूप आज पूरे हरियाणा में सभी वर्ग बुरी तरह हताश व निराश हैं, ऐसे में केवल कांग्रेस ही प्रदेशवासियों की आशाओं का दीपक है जो सही मायने में आमजन व हरियाणा के विकास को गति दे सकती है। केहरवाला रविवार को गांव देसूखुर्द व फग्गु सहित अन्य गांवों में आगामी 24 दिसंबर को सिरसा के हुडा ग्राउंड में होने वाली कांग्रेस की जनाक्रोश रैली के लिए आमंत्रित कर रहे थे। उन्होंने सभी ग्रामीणों को इस रैली के लिए अधिक से अधिक संख्या में आमंत्रित करते हुए कहा कि इस जनाक्रोश रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सहित अनेक कांग्रेस दिग्गज अपने विचार प्रकट करेंगे और प्रदेश की मौजूदा गठबंधन सरकार को चलता करने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। इस मौके पर युवा कांग्रेस के नवदीप कंबोज, रामकुमार खैरेकां, सुमन ठाकुर, सतविंद्र सिंह, जर्मन भंगु, भालाराम, मंदीप सिंह लकड़ांवाली, सुखविंद्र सिंह, सतपाल, ढाबां के सरपंच कपिल आदि मौजूद थे।



**सिरसा।** गांव देसूखुर्द में ग्रामीणों को रैली का न्यौता देते हुए शीशपाल केहरवाला।

# मानव सेवा सबसे बड़ा धर्मः बजरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम, अग्रवाल सभा एवं नारायण सेवा संस्थान द्वारा रविवार को दिव्यांग जांच-चयन एवं विकलांग लिंब व कैलीपर्स माप निशुल्क शिविर लगाया गया जिसका शुभारंभ अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने किया। मुख्यातिथि बजरंग गर्ग ने आए हुए मरीजों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दिव्यांगता से खाने पीने और चलने फिरने व सामाजिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसे सुधारने की आवश्यकता है। जिन क्षेत्रों में दिव्यांगों का ध्यान रखा गया है, वहां उन्होंने अपनी ताकत साबित की है और ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं और समाज में उच्चतम अंक हासिल किए हैं। दिव्यांग व्यक्ति जिन्होंने अपना लक्ष्य बना लिया है और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की है, आज सफल हैं और सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग आजाद भारत में काफी संख्या में हैं और इसकी तरफ हम सबको मिलजुल कर ध्यान देने की जरूरत है। गर्ग ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है।

मानव सेवा से मन को शांति मिलती है और देवी-देवता भी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सकों ने दिव्यांगों की जांच की है और उन्हें 45 दिनों बाद कृत्रिम अंग लगाए जाएंगे जिससे दिव्यांगों को राहत मिलेगी।



**सिरसा।** दिव्याग जांच शिविर में बच्ची के पांव पर कृत्रिम अंग लगाने के लिए माप लेते हुए चिकित्सक।

### ये रहे मौजूद

शिविर में समाजसेवी भीम सिंगला, अग्रोहा धाम वैश्य समाज जिला प्रधान अनिल सर्राफ, अग्रवाल सभा प्रधान गौरव गर्ग, कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी बंसल, महिला जिला प्रधान कमलेश रानी, सतीश हिसारिया, राजेश बंसल, प्रदेश संगठन मंत्री अंजनी कनोडिया, प्रदेश उपप्रधान आनंद बियानी, संजय गोयल, संरक्षक सुरेश कुमार सुरेखा, प्रशांत अग्रवाल, कैलाश बंसल, सीएमओ महेंद्र कुमार भादू, मनमोहन गोयल, डॉ. वीपी गोयल, डॉ. सुभाष नरूला आदि समाजसेवी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



**सिरसा।** ग्रामीण जनसभा को संबोधित करते दीपेंद्र हुड्डा।

### गठबंधन सरकार के अहंकार की मार केवल किसान ही नहीं हर वर्ग पर पड़ीः दीपेंद्र

**सिरसा।** राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रविवार को आधा दर्जन जनसभाएं कर आगामी 24 दिसंबर को सिरसा में होने वाली किसान-मजदूर आक्रोश रैली का न्योता दिया। जनसभाओं को संबोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी में समझौता तोड़ने का अघोषित समझौता हो गया है। जनता को इनसे सावधान रहना चाहिए क्योंकि पिछले चुनाव में जमना पार का नारा देकर बीजेपी के खिलाफ वोट मांगने वाले इस बार फिर वेश बदलकर जनता के पास वोट मांगने आएंगे। पिछले चुनाव में बीजेपी के खिलाफ वोट मांगने वाली जेजेपी ने बीजेपी को जमना पार भेजने का नारा देकर सारे वोट खराब कर दिए। क्योंकि बीजेपी के खिलाफ जो वोट जेजेपी को मिले, अगर वो सब कांग्रेस को मिलते तो 2019 में कांग्रेस की 61 सीट आती। उन्होंने कहा कि जनता के मत का सौदा करने वाली जेजेपी लोगों को मूर्ख समझने की गलती न करें। क्योंकि हरियाणा की जनता को पता है कि उसके साथ बड़ा धोखा हुआ है। जेजेपी ने जनमत का सौदा कर जनता से मिले वोट बीजेपी को बेच दिया।

# हर पात्र को पहुंचा रहे योजनाओं का लाभः कंबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से हर पात्र व्यक्ति तक केंद्र व रा'य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। हरियाणा में जिला के गांव सादेवाला, मत्तुवाला, फरवाई कलां व नेजाडेला कलां में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के घर-द्वार पर पहुंच कर अधिकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। गांव सादेवाला व मत्तुवाला में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह, गुलशन गाबा, महामंत्री धर्मपाल सहारण, जिला भाजपा कार्यालय सचिव महावीर गोदारा, बीडीपीओ सिरसा सार्थक श्रीवास्तव, वीपी अस्थाना आदि मौजूद रहे। साथ गांव फरवाई कलां व नेजाडेला कलां में पूर्व विधायक बलकौर सिंह सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए साढ़े नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनेक्शन के लिए लाइनें लगती थी, आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है, यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह मोदी जी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा' कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि 'भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने कहा कि सरकार समाज के गरीब, महिला, किसान व युवा उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। यात्रा के दौरान सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठाएं।



**सिरसा।** स्टालों पर जानकारी लेते ग्रामीण।

### ढिल्लों को मिला ग्लोबल गौरव टॉप टेन अवार्ड

**सिरसा।** नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मां शारदा ज्योतिष धाम अनुसंधान संस्थान इंदौर व अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ के संयुक्त तत्वावधान में ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सिरसा के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य गुरभेज सिंह ढिल्लों को ग्लोबल गौरव टॉप टेन अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी थी जबकि उनके साथ डॉ. अरुण बंसल, पंडित जयप्रकाश शर्मा, पूर्व सांसद पंडित योगेंद्र महंत व रिभुकांत गोस्वामी आदि विशिष्ट तौर पर मौजूद थे। गुरभेज सिंह ढिल्लों के अलावा कपिल महाराज, अजय कश्यप, गुरु मां ऊषा सिंह, डॉ. नीलिमा शेखावत, लक्ष्मीचंद चलानी, डॉ. साची केसरी, गौतम को भी सम्मानित किया गया।

# देवीलाल की स्मृति में होगा ग्रामीण कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की स्मृति में आगामी 2 जनवरी से कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई जाएगी जिसमें सिरसा जिला से सैकड़ों टीमें भाग लेंगी।

युवा जेजेपी प्रवक्ता नितिन टांडी ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार 3 लाख रुपए का दिया जाएगा जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को क्रमशः दो लाख व 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को भी 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। टांडी ने बताया कि प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट में बुलेट बाइक, बेस्ट बॉलर व बेस्ट बल्लेबाज को क्रमशः 21-21 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं फाइनल मैच में श्रेष्ठ खिलाड़ी को 5100 रुपए का पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण 21 से 23 दिसंबर तक किया जा सकेगा। टांडी ने बताया कि प्रतियोगिता के मैच जिले के चार विभिन्न स्थानों पर करवाए जाएंगे जिसमें से रिसालियाखेड़ा व गांव चौटाला के खेल मैदानों को फाइनल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में केवल सिरसा जिले की टीमों को ही स्थान दिया जाएगा तथा प्रत्येक ओवर 6-6 ओवरों का खेला जाएगा।

## आप के प्रचार समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर मीडिया से रूबरू

# आम आदमी पार्टी ही प्रदेश की जनता के पास विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

आप आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा का जादू पूरे हरियाणा में छाया हुआ है। डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि हरियाणा में वर्तमान में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों विफल साबित हुए हैं। इसलिए केवल आम आदमी पार्टी ही लोगों के पास मजबूत विकल्प है। उन्होंने कहा कि बदलाव यात्रा के माध्यम से रास्ते में पड़ने वाले सभी गांव और शहरों में लोगों से जनसंवाद कर उनकी मुख्य समस्याएं जानने का भी मौका मिल रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार से लोगों का विश्वास उठ चुका है और कांग्रेस कहीं प्रदेश के लोगों के मुद्दों को उठाने में नाकाम रही है। इससे पहले डबवाली में आम आदमी पार्टी बदलाव यात्रा निकाली गई।

आप नेता डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि सिरसा जिले में खासकर डबवाली और कालांवाली में चिट्टे और मेडिकल नशा गठबंधन सरकार की देन है। क्षेत्र में नशे के रैकेट को रोकने में प्रदेश सरकार विफल रही है। युवाओं को चिट्टे और मेडिकल नशे में धकेलने के बाद प्रदेश सरकार ने डबवाली को पुलिस जिला बनाया है लेकिन अभी



**सिरसा।** डबवाली में बदलाव यात्रा निकालते आप कार्यकर्ता।

### डबवाली अग्निकांड स्मारक राष्ट्रीय स्मारक बने

तंवर ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद डबवाली में 28 साल बाद भी बर्न यूनिट नहीं बनी। उन्होंने कहा कि डबवाली के साथ लगते पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार का फायदा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मिलेगा क्योंकि पंजाब में आम आदमी की सरकार का फायदा जिला परिषद चुनावों में भी मिला था। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी कानून व्यवस्था से लेकर आमजन की लड़ाई मजबूती से लड़ना चाहती है, इसलिए बदलाव की जरुरत है। उन्होंने रा'य सरकार से डबवाली अग्निकांड स्मारक को राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय स्मारक का दर्जा देने की मांग की। इस अवसर पर उनके साथ आप के सिरसा लोकसभा प्रभारी कुलदीप सिंह गदराना, राजेंद्र देसूजोधा, आप जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां, आप के वरिष्ठ नेता कुलदीप सिंह भांभू, आम आदमी पार्टी युवा अध्यक्ष हनुमान जांदू, पूनम गोदारा तेजाखेड़ा, खुशदीप सिंह सरां, दर्शन सिंह सरां, श्यामलाल मेहता सहित काफी संख्या में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### हत्या मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने आईटीआई फिटर अनुदेशक की हत्या मामले में दूसरे आरोपित रतेरा निवासी अभिषेक उर्फ फटुरी को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक दयानंद ने बताया कि आरोपित अभिषेक उर्फ फटूरी ने मामले में मुख्य आरोपी ढाणी माहू निवासी सिद्धांत को अपने घर में पनाह दी थी। मामले के मुख्य आरोपी सिद्धांत को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अभिषेक ऊर्फ फटुरी को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया है।

### दो लोडेड अवैध पिस्तौल सहित दो गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने टी प्वाइंट सेक्टर 1-4 से एक युवक को लोडेड अवैध पिस्तोल सहित काबू किया है। एएसआई धर्मवीर ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सूर्यनगर को तरफ से आ रहे दो लड़कों को रोककर पूछताछ की तो एक लड़के में अपना नाम खानक निवासी मगंल और दूसरे ने पिंजोखरा निवासी सोनू बताया।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपित गांव कैमरी निवासी चिराग और घोड़ा को गिरफ्तार किया है। एएसआई जयबीर ने बताया कि मंगाली चौकी में गांव कैमरी निवासी शैलेंद्र ने एक जुलाई को उसकी मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी।

## सफाई कर्मचारियों की कमी का दंश झेल रहा जाखल रेलवे जंक्शन

# शौचालयों में गंदगी भरी, सफाई के जगह कर्मचारियों ने लगा दिए ताले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

एक तरफ यहां सरकार खुले में शौच मुक्त का दावा करते हुए आमजन को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहीं है, वहीं सरकारी बाबू ही सरकार के इस दावे को खोखला साबित कर रहे हैं। उत्तर भारत के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में शुमार जाखल रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रशासन की उपेक्षा का ये दृश्य सरेआम देखने को मिल रहा है। यहां स्टेशन पर आमजन की सुविधा के लिए बने सुलभ शौचालय गंदगी से अटे पड़े हैं। अनदेखी का आलम ये है कि स्टेशन पर तीन प्लेटफार्म पर बने शौचालयों में गंदगी व दुर्गंध के कारण इन दिनों इसका प्रयोग ही बंद हो चुका है। गंदगी, बदबू के कारण यहां संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है, लेकिन लापरवाही देखिए कि जिम्मेदारों द्वारा इन शौचालयों की दशा सुधारने की अपेक्षा कुछ शौचालय को ताला लगाकर लावारिस छोड़ दिया है। बता दें कि पिछले लंबे समय से स्टेशन पर सभी शौचालय बदहाल स्थिति में हैं। ऐसे में यात्रियों को शौचालय सुविधा मिलने के कारण इधर-उधर भटकना पड़ रहा



**जाखल।** रेलवे स्टेशन पर शौचालयों के प्रांगण में फैली गंदगी, रेलवे स्टेशन पर शौचालयों पर लटकता ताला।

है। महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के कारण रात्रि को भी बड़ी संख्या में यात्री यहां बैठकर ट्रेनों की प्रतीक्षा करते हैं। शौचालय अव्यवस्था के चलते यात्रियों को खुले में भी शौच जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे सरकार का स्वच्छता व खुले में शौच मुक्त अभियान यहां फेल साबित दिखाई दे रहा है।

### शौचालय को ताले लगाकर लावारिस छोड़ा

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 पर महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बने हुए हैं लेकिन इन दिनों इन शौचालयों ने दम तोड़ दिया हैं। यहां देखरेख के अभाव में बदहाल शौचालय को प्रशासन ने ताला लगाकर बंद कर दिया है। वही प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर बने शौचालय की व्यवस्था भी खराब होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल रेलवे स्टेशन शौचालय की नियमित सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों के पद रिक्त होने के कारण स्टेशन पर सफाई व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है।

### रोजाना हजारों यात्री पहुंचते हैं रेलवे स्टेशन

हरियाणा-पंजाब सीमा पर स्थित उत्तर भारत का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन जाखल जंक्शन से देश के पंजाब, हरियाणा राज्यों के साथ यूपी, बिहार, बंगाल, आसाम, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक ट्रेनों की आवाजाही होती है। जंक्शन होने के कारण यहां से आसपास क्षेत्र व अन्य एक ट्रेन से यात्री उतरकर अपने गतव्य तक पहुंचने के लिए ट्रेन पकड़ते हैं। रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्री दूसरे स्टेशनों के लिए यात्रा करते हैं। इसके बाद भी यहां यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। जिससे यात्री परेशान है।

### यात्री हो रहे परेशान

*जाखल मंडी के समाजसेवी डॉ. राजेश शर्मा, विनोद कुमार, काला राम, बलजीत सिंह, सुरेश गर्ग, संजीव सिंगला आदि ने कहा कि जाखल जंक्शन पर प्रतिदिन हजारों यात्री आते जाते हैं। इससे रेलवे को रोजाना भारी राजस्व प्राप्त होता है। इसके बावजूद स्टेशन पर सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों के पदों का रिक्त होना कहीं ना कहीं रेलवे प्रशासन की अनदेखी है। रेलवे प्रशासन को प्राथमिकता से सफाई कर्मचारियों के सभी पदों पर जल्द नियुक्ति करना अति आवश्यक है।*

### ये बोले स्टेशन अधीक्षक

*जाखल रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था न होने का कारण सफाई कर्मचारियों की भारी कमी है। इस बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द ही सफाई कर्मियों की नियुक्ति कर यहां सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाएगा।*

***-चांदराम दहिया, जाखल रेलवे स्टेशन अधीक्षक***

# सैनी महाकुंभ के लिए जींद रवाना हुए लोग

■ पार्षद प्रतिनिधि मिट्ठू सैनी ने कहा महाकुंभ में समाज को एकजुट करने का संदेश दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

जींद में रविवार को आयोजित सैनी महाकुंभ कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वार्ड 1 के पार्षद प्रतिनिधि मिट्ठू सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में रतिया के सैनी समाज के बुद्धिजीवी जींद पहुंचे। पार्षद प्रतिनिधि मिट्ठू सैनी ने कहा कि सैनी समाज की ओर से आयोजित सैनी महाकुंभ में समाज को एकजुट करने के साथ अशिक्षा व अन्य सामाजिक बुराइयों को दूर करने, ओबीसी वर्ग को सरकारी नौकरियों में तय 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करवाना और आबादी के हिसाब से राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर मंथन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका के पूर्व उपप्रधान जसपाल पाली, पूर्व पार्षद भूपेंद्र सैनी, नछतर सैनी, तरसेम सैनी, रिटायर क्लर्क नंद सैनी, पूर्व पार्षद कृष्ण सैनी, पूर्व पार्षद कुलवंत सैनी, नवी सैनी, कल्याण विभाग के रिटायर्ड तहसील कल्याण अधिकारी रामकुमार सैनी, प्रकाश सिंह, रूप, मोहन सैनी, मंगू सैनी, मिश्रा सैनी, गुरमेल सिंह के अलावा सैकड़ों की संख्या में सैनी समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# शहीद उधम सिंह की जयंती पर 25 को कन्वेंशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शहीद उधम सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर वामपंथी पार्टियों की जिला स्तरीय कन्वेंशन 25 दिसम्बर सोमवार को फतेहाबाद के बीघड़ रोड स्थित शहीद उधम सिंह भवन में होगी। यह निर्णय माकपा की जिला स्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता माकपा नेता रामकुमार बहबलपुरिया ने की व संचालन जिला सचिव जगतार सिंह, पूर्व सरपंच ने किया। बैठक में कन्वेंशन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां निर्धारित की गई। इस बारे जानकारी देते हुए जिला सचिव जगतार सिंह ने बताया कि इस कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के तौर पर माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड इन्द्रजीत सिंह और वरिष्ठ भाकपा नेता कामरेड स्वर्ण सिंह विर्क भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में देश एवं प्रदेश की जनता को भयंकर किस्म के संकट का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर भाजपा सरकार के शासनकाल में कारपोरेट घरानों को अनाप-शनाप फायदा पहुंचाने के लिए एक तरफ हमारी रोजी-रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती, रोजगार और अधिकारों पर जबरदस्त हमला कर रही है, जिससे आम लोग परेशान हो रहे है।

### उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा

**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा के प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि राजकीय एवं निजि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं में स्वरोजगार स्थापित करने की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सफल उद्यमियों को पुरस्कृत करने की योजना लागू की है। इसके तहत अपना सफल उद्यम स्थापित करने एवं चलाने में प्रथम विजेता को 10000 रुपये, द्वितीय विजेता को 7500 रुपये व तृतीय विजेता को 5000 रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र आगामी 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस के अवसर पर देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन सभी पुरस्कृत उद्यमियों में से सर्वश्रेष्ठ तीन उम्मीद्वारों को राज्य स्तरीय समारोह में प्रथम विजेता को 50000 रुपये, द्वितीय विजेता को 40000 रुपये व तृतीय विजेता को 30000 रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# सब्जी मंडी में गरजे व्यापारी

■ मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

हरियाणा की मनोहर सरकार द्वारा प्रदेश की सब्जी मंडियों पर एक मुश्त टैक्स लगाने के खिलाफ प्रदेश के सब्जी मंडी के व्यापारियों में प्रदेश सरकार के खिलाफ भारी रोष पाया जा रहा है। इसको लेकर रविवार को शहर की सब्जी मंडी में व्यापारियों ने प्रदेश सरकार के निर्णय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष प्रदर्शन किया।

हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन के उपप्रधान नरेश कक्कड़, हरिचंद शाक्य, अंशुल बत्रा ने कहा कि सरकार बेवजह सब्जी एवं फल



**रतिया।** प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त करते सब्जी मंडी व्यापारी।

व्यापारियों को परेशान करने पर तुली हुई है। एक मुश्त टैक्स की स्कीम से व्यापारियों को बहुत नुक्सान उठाना पड़ेगा। सरकार का टैक्स स्लैब सिस्टम व्यापारियों के हित में नहीं है। सरकार ने सभी कैटेगरी में फीस 50 फीसदी बढ़ाकर 15 दिसम्बर से इसकी वसूली के निर्देश दिए गए हैं। सरकार द्वारा एक साल की लाइसेंस फीस एडवांस मांगी जा रही है जोकि सरासर गलत है । सब्जी मंडी व्यापारियों ने कहा कि अगर सरकार ने तानाशाही फैसले को वापस नहीं लिया तो 20 दिसंबर को सब्जी मंडी व्यापारी हड़ताल पर चले जाएंगे।

### प्रीपेड मीटर लगाने का ऑल इंडिया किसान महासभा करेंगी विरोध

**रतिया।** ऑल इंडिया किसान महासभा के राज्य महासचिव सुखविंदर सिंह रतिया ने कहा कि बिजली निगम के द्वारा प्रीपेड मीटर लगाने का किसान महासभा जोरदार विरोध करेगी व लोगो के घरों में मीटर नही लगने देगी। उन्होंने कहा की किसान महासभा पहले भी बिजली बिल 2020 विरोध कर चुके हैं। इसको लेकर किसान महासभा द्वारा दिल्ली में लगभग डेढ़ साल तक आंदोलन किया था जिसके बाद प्रदेश सरकार ने ये माना था की ये बिल लागू नहीं करेंगे। अब प्रीपेड मीटर लगाकर सरकार इस बिल को पिछले दरवाजे लाने का काम कर रहीं हैं जिस से बिजली बहुत महंगी हो जाएगी जो किसान और मजदूर व आम लोगों को बहुत प्रभावित करेगी। राज्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली निगम के इस निर्णय को वापिस ले नहीं लेते तो ऑल इंडिया किसान महासभा पूरे हरियाणा में कड़ा विरोध करेगी।

# ओवरस्पीड वाहनों पर लगाम कसें

■ सर्व समाज सभा ने की ओवरलोड एवं ओवर स्पीड वाहनों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

सर्व समाज सभा की बैठक टोहाना रोड स्थित नूर गार्डन में प्रधान रणजीत सिंह भानीखेड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक बारे जानकारी देते हुए प्रेस सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि बैठक में मुख्य रुप से शहर में अतिक्रमण से जाम की स्थिति बन रही है। इसके लिए नगर पालिका सचिव से मिलकर समस्या का हल निकाला जाएगा। इसके अलावा ओवरलोड एवं ओवर स्पीड वाहन



**रतिया।** शहर की समस्या को लेकर चर्चा करते सर्व समाज सभा के सदस्य।

चालकों पर प्रशासन कार्रवाई करे ताकि यातायात नियमों का पालन हो सके। बैठक में बाजार से गुजरने वाले ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों पर ऊंची आवाज में बजने वाले म्यूजिक सिस्टम पर रोक लगाने की भी मांग की गई। सदस्यों ने कहा कि वाहन चलाते हुए चालकों द्वारा मोबाइल फोन के प्रयोग पर प्रशासन उचित कार्रवाई करे। बैठक की शुरुआत में सभा के सचिव रणधीर सिंह के पिता चंदगी राम, कामरेड सुरजीत सिंह के अलावा सदस्य रूप सिंह की चाची के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर सतपाल जिंदल, नरेंद्र ग्रोवर, शेर सिंह भूल्लर, कामरेड अजमेर सिंह, गुरप्रीत सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# वैन की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साला घायल

■ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

गांव घासवां के पास स्कूल वैन की टक्कर से बाईक सवार जीजा-साला घायल हो गए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव अहरवां निवासी काला सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने बहनोई बाज सिंह निवासी घासवां के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर चिम्मो हैड से गांव घासवां जा रहे थे।

रास्ते में गांव घासवां के पास ही एक स्कूल वैन का चालक स्कूल वैन को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और उनके मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार काला सिंह व बाज सिंह दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद स्कूल वैन चालक एक बार तो रूका लेकन उन्हें चोटिल देखकर मौके से भाग गया। बाद में उन्हें उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस मामले में पुलिस ने स्कूल वैन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हरदीप सिंह की याद में लगे शिविर 67 ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

गत वर्ष सड़क दुर्घटना में प्राण त्याग देने वाले गांव जापते वाला निवासी दिवंगत युवा हरदीप सिंह की याद में गांव के लोगों ने रक्तदान शिविर लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गांव जापते वाला के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि किसान नेता मंदीप सिंह नथवान पहुंचे। शिविर के दौरान उपस्थित जनों ने हरदीप सिंह को याद करते हुए गहरा दुख प्रकट किया। शिविर में आसपास गांवों के लोगों ने भाग लिया, जिसमें से कुल 67 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।



**जाखल।** शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते आयोजक।

टोहाना से मानव सेवा संगम ब्लड सेंटर की टीम शिविर में रक्त एकत्रित करने पहुंची। पिछले साल नौजवान की बुलेट का संतुलन बिगड़ने से हुई दुर्घटना में उसकी दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। बिछड़ चुके साथी की याद में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया।

### कैबिनेट मंत्री ने गुरु तेग बहादुर जी को किया नमन

**टोहाना।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने श्री गुरु तेग बहादुर जी को नमन करते हुए कहा कि गुरु जी ने सेवा, त्याग, बलिदान एवं मानवीय मूल्यों का जो प्रकाश फैलाया, वे सदैव दुनिया को रास्ता दिखाएंगे। पंचायत मंत्री ने रविवार को कृष्णा कॉलोनी में गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारे में आयोजित शहीदी दिवस कार्यक्रम में श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस पर नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंचायत मंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, इंसानियत, एकता और भाईचारे के सवारे्च्च मूल्यों को स्थापित कर मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान दिया जिसे पीढ़ियां याद रखेगी। नौवें गुरू श्री गुरु तेग बहादुर जी एक महान विचारक, योद्धा, पथिक व अध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी थे।

# ठंड में गर्म स्वेटर पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**जाखल।** धारसूल में विद्यालय परिसर में बच्चों को स्वेटर वितरित करते अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

लायंस क्लब कुलां द्वारा भीषण सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। गांव धारसूल में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गांव धारसूल कलां के सरपंच वकील सिंह ने शिरकत की।

गर्म स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों की मुस्कान देखते ही बनती थी। स्वेटर पाकर बच्चे बेहद प्रसन्न हुए एवं उन्होंने लायंस क्लब कुलां का आभार प्रकट किया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बताया कि इन दिनों कपकपाती ठंड गिर रही है। इस कड़ाके की ठंड में बच्चों को स्कूल में आना पड़ रहा है तथा गर्म कपड़ों के अभाव में उनकी स्वास्थ्य की चिंता के मद्देनजर लायंस क्लब द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब जनहित कार्य में अग्रणी भूमिका अदा कर रहा हैं।

उनका समाज हित कार्य भविष्य में भी यूं ही जारी रहेगा। विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र पाल ने क्लब के इस नेक कार्य की सराहना की। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, कमल सरदाना, पवन बांसल व विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र पाल, अध्यापक पवन कुमारए मांगे राम आदि उपस्थित रहे।

### फतेहाबाद में 5 दुकानों के ताले टूटे, शराब की बोतलें और कैश चुराया

**फतेहाबाद।** रविवार सुबह चोरों ने शहर में 4-5 दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपए कैश चोरी कर लिया। चोरों ने शराब के ठेके को भी निशाना बनाया और महंगी शराब की बोतलें चुरा लीं। सीसीटीवी फुटेज में 3 से 4 लोग चोरी की वारदातों को अंजाम देते दिख रहे हैं। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले शिव चौक और जवाहर चौक स्थित दूध की दो डेयरी के ताले तोड़े और गल्ले में रखे कैश पर हाथ साफ कर लिया। इसके बाद एक शराब के ठेके में घुसकर शराब की बोतलें चुराई। सुबह करीब 5 बजे खेमा खाती चौक पर स्थित एक ब्रेड के गोदाम में जा घुसे। गोदाम के ताले तो चोरों ने तोड़ डाले, लेकिन अंदर कुछ नहीं मिला। गोदाम मालिक मयंक ने बताया कि गोदाम में खाली क्रेट ही पड़ी थी, जिस कारण चोरी की घटना होने से टल गई। सुबह ताले टूटे मिले तो सीसीटीवी से चोरियों का पता चला।

## नपा व अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

# गली की मरम्मत के लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

शहर की छोटी सरकार यानी नगर पालिका में किए जा रहे विकास कार्य को लेकर हमेशा ही विवाद का कारण बनती नजर आई है। नगर पालिका द्वारा करवाए जा रहे विकास कायारे् को लेकर लोगों द्वारा राजनीति करने के भी आरोप लगाए जा रहे है। जाखल की बाजीगर बस्ती व गुरुद्वारा बस्ती की मुख्य गली की बदहाल स्थिति को देखकर लगाया जा सकता है। जाखल की बाजीगर बस्ती से गुरुद्वारा बस्ती दोनों के बीच की मुख्य गली की बदहाल स्थिति पर लोगों ने भारी रोष



**जाखल।** समस्या को लेकर रोष जताते वार्ड वासी।

जताया है। लोगों ने नपा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की व अधिकारियों पर इस क्षेत्र के लोगों की अनदेखी करने के आरोप भी लगाएं। वार्ड वासियों ने बताया की एक तरफ नपा प्रशासन के 5 साल पूरे होने को हो गए हैं, परंतु हमारी इस गली में आज तक किसी भी अधिकारी ने आकर समस्या की सुध नहीं ली है।

इस गली में ना तो कोई निकासी व्यवस्था है और ना ही निर्माण कार्य के प्रति नपा प्रशासन ने इतने वषारें में शुरुआत की है। हालांकि क्षेत्र में गालियों के निर्माण कार्य में भी राजनीति हो रही है। आम लोगों की कोई भी सुध लेने वाला नहीं है। इस गली में इतनी बदहाल स्थिति हो गई है कि घरों के निकासी का पानी भी गली में ही इकट्ठा हो रहा है। उन्होंने बताया की यहां पर हर समय चारों तरफ बदबु का आलम है, लोग बीमार पड़ रहे हैं। यहां तक की गली में पैदल चलना भी मुश्किल है। इस वार्ड को सरकार द्वारा नगर पालिका से तो जोड दिया गया है परन्तु नगर पालिका जैसी मिलने वाली सुविधाओ से पूरी तरह से वंचित रखा जा रहा है। यदि हमारी गली का निर्माण कार्य जल्द शुरू न हुआ तो हम आगामी दिनों में धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी नपा प्रशासन की होगी। लोगो को आ रही समस्या को लेकर जब इस बारे में नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता रवि कुमार को फोन लगाया तो उन्होंने फोन तक उठाने की जहमत नहीं समझी।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005